भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय
(सामान्य अनुभाग)
*******

शास्त्री भवन, नई दिल्ली
दिनांक 30 अगस्त, 2024

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषयः पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय का जुलाई, 2024 माह के लिए मासिक सारांश**

अधोहस्ताक्षरी को जुलाई, 2024 माह के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के मासिक सारांश की एक प्रतिलिपि (हिंदी और अंग्रेजी दोनों) एतद्वारा परिचालित करने का निदेश हुआ है।

2. इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

(रमेश कृष्ण)
अवर सचिव, भारत सरकार

संलग्नः यथोक्त

सेवा में,

1. उपाध्यक्ष, नीति आयोग, योजना भवन, नई दिल्ली
2. मंत्रिमंडल सचिव, राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली
3. भारत सरकार के सभी सचिव
4. सूचना अधिकारी, पीआईबी, शास्त्री भवन, नई दिल्ली

I. विपणन प्रचालन

1. माह के दौरान, सार्वजनिक क्षेत्र की ओएमसीज द्वारा लगभग 4.46 लाख नए घरेलू एलपीजी कनेक्शन प्रदान किए गए।

   दिनांक 01.08.2024 की स्तिथि के अनुसार, 32.73 करोड़ सक्रिय एलपीजी कनेक्शन थे, जिनमें 10.33 करोड़ पीएमयूवाई कनेक्शन शामिल थे।

2. जुलाई, 2024 के दौरान कुल 10 एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप चालू किए गए हैं।

3. सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों द्वारा मार्च, 2024 में एलपीजी के लिए मूलभूत सुरक्षा अभियान शुरू किया गया। 31 जुलाई, 2024 तक, 4.5 करोड़ से अधिक मूलभूत सुरक्षा जांच निशुल्क पूरी की गई और छूट प्राप्त मूल्यों पर 2 करोड़ से भी अधिक एलपीजी होसेज को बदला गया है।

4. दिनांक 31.07.2024 की स्थिति के अनुसार, कुल 69,677 खुदरा बिक्री केन्द्रों को सौर्य उर्जा से सुसज्जित किया गया है।

5. खुदरा बिक्री केंद्रों पर डिजिटल भुगतान के बुनियादी ढांचे का उल्लेखनीय विस्तार हुआ है। दिनांक 31.07.2024 की स्थिति के अनुसार, देश भर में 82138 खुदरा बिक्री केंद्र (आरओ) हैं (आईओसीएल-37835,बीपीसीएल-22083,एचपीसीएल-22220) जिन्हें डिजिटल बुनियादी ढांचे के साथ कवर किया गया है/ भीम यूपीआई से सक्षम बनाया गया हैं, जिसमें 4,74,755 पीओएस टर्मिनल्स और 1,03,224 ई-वॉलेट सुविधा है। सभी एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरों को भीम यूपीआई सक्षम बनाया गया है ।

6. देश में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग अवसंरचना में वृद्धि करने के लिए तेल विपणन कंपनियाँ तकनीकी वाणिज्यिक व्यवहार्यता और पीईएसओ मानदंडों के अनुपालन के आधार पर चरणबद्ध तरीके से देश के विभिन्न हिस्सों में अपने खुदरा बिक्री केंद्रों (आरओज) पर इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन (ईवीसीएस) लगा रही हैं। दिनांक 31.07.2024 की स्थिति के अनुसार, तेल विपणन कंपनियों ने अपने आरओज पर 16,963 ईवी चार्जिंग स्टेशन और 186 बैटरी स्वैपिंग स्टेशन लगाए हैं।

7. माह के दौरान, पेट्रोल और डीजल के खुदरा मूल्य अपरिवर्तित रहे, जो क्रमशः 94.72 रुपए/लीटर और 87.62 रुपए/लीटर (दिल्ली में) हैं।

8. माह के दौरान, 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर का मूल्य 803 रुपए प्रति 14.2 किलोग्राम सिलेंडर (दिल्ली में) पर अपरिवर्तित रहा। पीएमयूवाई उपभोक्ताओं के लिए 300 रुपए/14.2 किलोग्राम सिलेंडर की निर्धारित राजसहायता के साथ, प्रभावी लागत 503 रुपए प्रति 14.2 किलोग्राम सिलेंडर (दिल्ली में) थी।

9. जुलाई, 2024 के दौरान पीडीएस केरोसीन पर शून्य अल्प-वसूली थी।

II. कच्चा तेल

1. जुलाई, 2024 के दौरान घरेलू कच्चे तेल का उत्पादन 2.43 एमएमटी था, जो माह के लक्ष्य (2.61 एमएमटी) से 6.9 % कम है और पिछले वर्ष के इसी माह (जुलाई 2023) के उत्पादन (2.50 एमएमटी) की तुलना में 3.0% कम है। अप्रैल-जुलाई, 2024 के दौरान संचयी कच्चे तेल का उत्पादन 9.68 एमएमटी था, जो अवधि के लक्ष्य (10.17 एमएमटी) से 4.8% कम है और पिछले वर्ष (9.81 एमएमटी) की इसी अवधि की तुलना में 1.3% कम उत्पादन हुआ।

2. माह के दौरान, कच्चे तेल की भारतीय बास्केट का मूल्य 78.99 डॉलर और 87.96 डॉलर प्रति बैरल के बीच रहा। माह का औसत मूल्य 84.15 डॉलर प्रति बैरल था, जो जून, 2024 के औसत मूल्य 82.55 डॉलर प्रति बैरल से 1.9% अधिक है।

3. मंत्रिमंडल ने दिनांक 26.07.2024 को आयोजित अपनी बैठक में (अन्वेषण और उत्पादन (ईएंडपी) क्षेत्र में व्यापार सुगमता को बढ़ावा देने के लिए तेल क्षेत्र (विनियामक और विकास अधिनियम,1948) संबंधी मंत्रालय के संशोधन प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

4. माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री ने औद्योगिक प्रचालनों, नीति निर्माताओं, सेवा प्रदाताओं, विशेषज्ञों, थिंक टैंक और शिक्षण संबंधी कार्यनीतिक प्लेटफार्मों को सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से दो दिवसीय कार्यक्रम, ऊर्जा वार्ता 2024 का उद्घाटन किया। कार्यक्रम 11-12 जुलाई, 2024 को भारत मंडपम, प्रगति मैदान में आयोजित किया गया जिसने ज्ञान के आदान-प्रदान, नेटवर्किंग और सहयोग को सुविधाजनक बनाया जिससे सतत रूप में भारत के अपस्ट्रीम संसाधनों की पूरी उपयोगिता तक पहुंच बनाई जा सके। कार्यक्रम का आयोजन पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की तकनीकी शाखा, महानिदेशालय हाइड्रोकार्बंस द्वारा किया गया था।

5. ओएनजीसी ने पन्ना और बसेन फार्मेशन (कूपबी-56 एसटी, सी-सीरीज पीएमएल, क्षेत्रफल 3594.37 वर्ग.किमी.) की हाइड्रोकार्बन उपयोगिता का अन्वेषण करने के उद्देश्य से मुंबई अपतट के ताप्ती दमन क्षेत्र में "चंद्रमणि" नामक नयी खोज की है ।

## III. गैस आपूर्ति

1. जुलाई, 2024 के दौरान प्राकृतिक गैस का उत्पादन 3.08 बीसीएम था, जो माह के लक्ष्य (3.31 बीसीएम) से 7% कम है और पिछले वर्ष के इसी माह (जुलाई 2023) के उत्पादन (3.12 बीसीएम) से 1.5% कम है। अप्रैल-जुलाई, 2024 के दौरान संचयी प्राकृतिक गैस का उत्पादन 12.13 बीसीएम था, जो अवधि के लक्ष्य (12.96 बीसीएम) से 6.4% कम है और पिछले वर्ष इसी अवधि के उत्पादन (11.69 बीसीएम) की तुलना में 3.8% अधिक है।

2. दिनांक 31.05.2024 की स्थिति के अनुसार, लगभग 1.32 करोड़ पीएनजी (पाइप्ड प्राकृतिक गैस) घरेलू कनेक्शन प्रदान किए गए हैं और पीएनजीआरबी (पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड) द्वारा प्राधिकृत विभिन्न सीजीडी (नगर गैस वितरण) कंपनियों द्वारा 6959 सीएनजी (संपीड़ित प्राकृतिक गैस) स्टेशन स्थापित किए गए हैं।

3. दिनांक 01.07.2024 की स्थिति के अनुसार, किफायती परिवहन के लिए दीर्घकालिक विकल्प (सतत) के तहत जारी किए गए सक्रिय आशय पत्रों (एलओआईज) की कुल संख्या 2153 है। देश भर में कुल 71

सीबीजी (संपीड़ित बायो गैस)/ जैव गैस संयंत्र चालू किए गए हैं और अब तक लगभग 59 सीबीजी संयंत्र निर्माण के विभिन्न चरणों में हैं।

## IV. जैव ईंधन और एथेनॉल मिश्रण

1. जुलाई, 2024 के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र की ओएमसीज ने 60.38 करोड़ लीटर एथेनॉल की अधिप्राप्ति की और लगभग 15.83% एथेनॉल मिश्रण प्राप्त किया। एथेनॉल आपूर्ति वर्ष 2023-24 (1 नवंबर से 31 अक्टूबर तक) के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र की ओएमसीज ने 479.08 करोड़ लीटर एथेनॉल अधिप्राप्त किया और दिनांक 31.07.2024 तक लगभग 13.33% एथेनॉल मिश्रण की प्राप्ति की। देश भर में ओएमसीज15483 से अधिक खुदरा बिक्री केन्द्रों पर ई20 पेट्रोल (पेट्रोल में 20% एथेनॉल) का वितरण करती हैं।

2. जुलाई, 2024 के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र की ओएमसीज ने डीजल के साथ मिश्रित करने के लिए 6.36 करोड़ लीटर बायोडीजल अधिप्राप्त किया। अतः वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र की ओएमसीज ने डीजल के साथ मिश्रित करने के लिए 19.54 करोड़ लीटर बायोडीजल अधिप्राप्त किया।

3. दिनांक 22.07.2024 को भारतीय नौसेना और आईओसीएल के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जिसके तहत आईओसीएल ने भारतीय नौसेना को संचालन और परीक्षण के उद्देश्य से हाइड्रोजन ईंधन सेल बस उपलब्ध कराने का बीड़ा उठाया है।

## V. आयात निर्भरता में कमी करना

1. भारत ने अप्रैल-जून, 2024 के दौरान 37.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर के मूल्य पर 62.0 एमएमटी कच्चे तेल का आयात किया, जबकि अप्रैल-जून, 2023 के दौरान 31.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर के मूल्य पर 60.2 एमएमटी का आयात किया गया था। अप्रैल-जून, 2024 के दौरान कच्चे तेल के मामले में आयात निर्भरता पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 88.8% से कम होकर 88.3% हो गई।

2. भारत ने अप्रैल-जून, 2024 के दौरान 3.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर के लिए 7.80 बीसीएम एलएनजी का आयात किया, जबकि अप्रैल-जून, 2023 के दौरान 3.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर के लिए 7.75 बीसीएम एलएनजी का आयात किया गया था। अप्रैल-जून, 2024 के दौरान प्राकृतिक गैस के मामले में आयात निर्भरता पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 48.1% से कम होकर 46.7% हो गई।

## VI. जीईएम अधिप्राप्ति

वित्त वर्ष 2024-25 के लिए, तेल पीएसयूज ने 31 जुलाई, 2024 तक जीईएम पोर्टल के माध्यम से 14,845.45 करोड़ रुपये की वस्तुओं की खरीद की, जबकि पिछले वर्ष 31 जुलाई, 2023 तक

8,682.05 करोड़ रुपये की खरीद हुई थी। पोर्टल पर उपलब्ध वस्तुओं को कैटलॉग/कस्टम/बीओक्यू बोली के माध्यम से जीईएम के जरिए 100% अधिप्राप्ति की जा रही है।

## VII. अंतर्राष्ट्रीय सहयोग

क. पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री ने दिनांक 5 जुलाई, 2024 को सऊदी ऊर्जा मंत्री हिज रॉयल हाइनेस प्रिंस अब्दुलअजीज बिन सलमान बिन अब्दुलअजीज अल सऊद के साथ टेलीफोन पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने तेल और गैस क्षेत्र में द्विपक्षीय निवेश सहित दोनों देशों के बीच ऊर्जा और हाइड्रोकार्बन व्यापार को गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की।

ख. पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री ने दिनांक 15 जुलाई, 2024 को ब्रिटिश पेट्रोलियम के वैश्विक सीईओ श्री मरे ऑनचिनक्लॉस तथा उनकी टीम की मेजबानी की। ब्रिटिश पेट्रोलियम की भारत में संपूर्ण ऊर्जा मूल्य श्रृंखला में उपस्थिति है, जिसमें अपस्ट्रीम एक्सप्लोरेशन एवं उत्पादन, डाउनस्ट्रीम रिटेल, एलएनजी, जैव ईंधन, नवीकरणीय ऊर्जा तथा विश्व स्तरीय वैश्विक क्षमता शामिल है। माननीय मंत्री ने इन सभी स्ट्रीम में हमारे सहयोग को बढाने के तरीकों तथा वैश्विक ऊर्जा बाजारों में उभरते रुझानों पर चर्चा की।

ग. पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव और वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन (जीबीए) के अंतरिम महानिदेशक (आईडीजी) ने दिनांक 10 से 11 जुलाई, 2024 तक ब्रिटेन के एनईसी बर्मिंघम में विश्व बायोगैस एसोसिएशन द्वारा आयोजित **विश्व बायोगैस शिखर सम्मेलन, 2024** के उद्घाटन सत्र में भाग लिया। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव और जीबीए के आईडीजी ने मुख्य भाषण दिया, जहां उन्होंने टिकाऊ और कम कार्बन वाले भविष्य के लिए बायोगैस की क्षमता पर जोर दिया।

शिखर सम्मेलन के दौरान, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव और जैव ईंधन विकास मंत्रालय के आईडीजी जीबीए ने ग्लोबल बायोफ्यूल्स एसोसिएशन (जीबीए) द्वारा आयोजित पैनल चर्चा "बायोगैस पहेली को सुलझाना: बायोगैस को बढ़ाने की कार्यनीति और सफलता की कहानियां" में भाग लिया।

साथ ही, यात्रा के दौरान, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव और जैव ईंधन विकास मंत्रालय के आईडीजी जीबीए ने बायोगैस और तेल एवं गैस उद्योग के निम्नलिखित उद्योग नेताओं, नीति निर्माताओं और विशेषज्ञों के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं:-

1. श्री थॉमस डी बोअर, सीईओ, नेचर एनर्जी और वीपी रिन्यूएबल नेचुरल गैस - शेल,
2. श्री फेलिप एस मार्क्स, प्रौद्योगिकी विकास निदेशक, सीआईबायोगैस (ब्राजील बायोगैस एसोसिएशन)
3. श्री गुस्तावो डी लीमा रामोस, ऊर्जा संक्रमण, परिवहन और स्वच्छता, ब्राजील के विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार मंत्रालय (एमएसटीआई),
4. सुश्री डेनिस मुलहोलैंड, निदेशक, ग्लोबल मीथेन इनिशिएटिव (जीएमआई),

5. सुश्री जो टिंडल, आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) में पर्यावरण निदेशालय की निदेशक

6. सुश्री सिनैड गोर्मन, सीएफओ, शेल

7. श्री विलियम लिन, ईवीपी, गैस और कम कार्बन ऊर्जा बीपी।

घ. पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव ने दिनांक 18 जुलाई, 2024 को सऊदी अरब के तेल और गैस के सहायक मंत्री महामहिम मोहम्मद अब्दुलरहमान अल-इब्राहिम के साथ वर्चुअल माध्यम से द्विपक्षीय चर्चा की। दोनों पक्षों ने तेल और गैस क्षेत्र में संभावित निवेश अवसरों और हाइड्रोकार्बन व्यापार साझेदारी को कार्यनीतिक स्तर तक बढ़ाने को प्रोत्साहन देने पर विचार-विमर्श किया।

ङ. सचिव, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने दिनांक 28 जुलाई, 2024 को निवेश पर भारत-सऊदी अरब उच्च स्तरीय टास्क फोर्स की पहली बैठक में भाग लिया, जिसकी सह-अध्यक्षता प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पी.के. मिश्रा और सऊदी ऊर्जा मंत्री, हिज रॉयल हाइनेस प्रिंस अब्दुलअजीज बिन सलमान बिन अब्दुलअजीज अल सऊदन ने वर्चुअल (आभासी) मोड में की। दोनों पक्षों के बीच द्विपक्षीय निवेश के विभिन्न अवसरों पर रचनात्मक चर्चा हुई।

## VIII. अवसंरचना का विकास

आईओसीएल, ओएनजीसी और एचपीसीएल की 234 करोड़ रुपये मूल्य (नवीनतम स्वीकृत लागत) की कुल 5 तेल और गैस अवसंरचना परियोजनाएं माह जुलाई, 2024 के दौरान पूरी कर ली गई हैं।

*****

Government of India
Ministry of Petroleum & Natural Gas
(General Section)
********

Shastri Bhawan, New Delhi
Dated 30 August, 2024

**OFFICE MEMORANDUM**

**Subject: Monthly Summary of Ministry of Petroleum and Natural Gas for the month of July, 2024**

The undersigned is directed to circulate herewith a copy of the Monthly Summary (Both English & Hindi) of the Ministry of Petroleum & Natural Gas for the month of July, 2024.

2. This issues with the approval of the Competent Authority.

Krishna
( Ramesh Krishna )
Under Secretary to the Govt. of India

Encl.: As above

To,

1. Deputy Chairman, NITI Aayog, Yojana Bhavan, New Delhi
2. Cabinet Secretary, Rashtrapati Bhawan New Delhi
3. All Secretaries to Government of India
4. Information Officer, PIB, Shastri Bhawan, New Delhi

I. **Marketing Operations**

1. During the month, approximately 4.46 lakh new domestic LPG connections were issued by public sector OMCs.

   As of 01.08.2024, there were 32.73 crore active LPG connections, including 10.33 crore PMUY connections.

2. A total of 10 LPG distributorships have been commissioned during July, 2024.

3. Basic Safety campaign for LPG was started by PSU OMCs in March 2024. Till 31st July 2024, more than 4.5 Crore basic safety checks have been completed free of cost and more than 2 Crore LPG Hoses have been replaced at discounted prices.

4. As on 31.07.2024, a total of 69,677 retail outlets have been solarized.

5. There has been a significant expansion of digital payment infrastructure at Retail Outlets. As on 31.07.2024, there are 82138 Retail Outlets (RO) (IOCL-37835, BPCL-22083, HPCL-22220) across the country that are covered with digital infrastructure/enabled with BHIM UPI, also having 4,74,755 POS terminals and 1,03,224 e-wallet facility. All the LPG Distributors are enabled with BHIM UPI.

6. In order to increase the electric vehicle charging infrastructure in the country, Oil Marketing Companies (OMCs) are putting up Electric Vehicle Charging Stations (EVCS) at their Retail outlets (ROs) in different parts of the country in phased manner based on techno commercial feasibility and compliance of PESO norms. As on 31.07.2024, OMCs have put up 16,963 EV charging stations and 186 Battery Swapping stations at their ROs.

7. During the month, retail prices of Petrol and Diesel remained unchanged at Rs.94.72/litre and Rs.87.62/litre respectively (in Delhi).

8. During the month, price of domestic LPG cylinder of 14.2 Kg remained unchanged at Rs. 803 per 14.2 Kg cylinder (in Delhi). With a targeted subsidy of Rs.300/14.2 Kg cylinder for PMUY consumers, the effective cost was Rs.503 per 14.2 Kg cylinder (in Delhi).

9. There was NIL under-recovery on PDS Kerosene during July, 2024.

## II. Crude Oil

1. Domestic crude oil production during July 2024 was 2.43 MMT, which is 6.9% lower than the target (2.61 MMT) for the month and 3.0% lower when compared to the production (2.50 MMT) of corresponding month of last year (July 2023). Cumulative crude oil production during April-July, 2024 was 9.68 MMT, which is 4.8% lower than the target (10.17 MMT) for the period and 1.3% lower than the production of the corresponding period of last year (9.81 MMT).

2. During the month, the price of the Indian Basket of Crude oil varied between $78.99 and $87.96 per barrel. The average price for the month was $84.15 per barrel, 1.9% higher than the average price of $82.55 per barrel for June, 2024.

3. The Cabinet, in its meeting held on 26.07.2024, has approved the proposal of the Ministry to Amend the Oilfields (Regulation and Development Act, 1948) to enhance the Ease of doing Business in E&P Sector.

4. Hon'ble Minister for Petroleum and Natural Gas inaugurated UrjaVarta 2024, a two-day event aimed at serving strategic platform for industry operators, policymakers, service providers, experts, think tanks, and academia. The event, held from July 11-12, 2024, at Bharat Mandapam, PragatiMaidan, facilitated the exchange of knowledge, networking, and collaboration to unlock the full potential of India's upstream hydrocarbon resources in a sustainable manner. The event was organized by the Directorate General of Hydrocarbons, the technical arm of the Ministry of Petroleum and Natural Gas.

5. ONGC has made a new prospect discovery named as "Chandramani" in Tapti Daman Area of Mumbai Offshore with objective to explore the hydrocarbon potential of Panna and Bassein Formation ( WellB-56-B ST ,C-series PML, area 3594.37 sq. km.).

## III. Gas supply

1. Natural gas production during July 2024 was 3.08 BCM, which is 7.0% lower than thetarget (3.31 BCM) for the month and 1.5% lower than production (3.12 BCM) ofcorresponding month of last year (July 2023). Cumulative natural gas production duringApril-July, 2024 was 12.13 BCM, which is 6.4% lower than the target (12.96 BCM) for theperiod and 3.8% higher than the production of the corresponding period of last year(11.69 BCM).

2. As on 31.05.2024, approximately 1.32 crore PNG (Piped Natural Gas) domestic connections have been provided and 6959 CNG (Compressed Natural Gas) stations installed by the various CGD (City Gas Distribution) entities authorized by the PNGRB (Petroleum and Natural Gas Regulatory Board).

3. Under Sustainable Alternative Towards Affordable Transportation (SATAT), as on 01.07.2024, total number of active Letters of Intent (LOIs) is 2153. A total of 71 CBG

(Compressed Bio Gas) / Bio Gas Plants have been commissioned across the country. About 59 CBG plants are under various stages of construction.

## IV. Bio fuels and Ethanol Blending

1. During July 2024, Public Sector OMCs have procured 60.38 crore litres ethanol and achieved blending of approx 15.83 %. Further, during the Ethanol Supply Year 2023-24 (1st November to 31st October), the Public Sector OMCs have procured 479.08 crore litres ethanol and achieved blending of approx 13.33% upto 31.07.2024. OMCs have started dispensing E20 petrol (20% ethanol in petrol) at more than 15483 retail outlets across the country.

2. During July 2024, Public Sector OMCs have procured 6.36 crore litres biodiesel for blending with diesel. Thus, the public sector OMCs have procured 19.54 crore litres of biodiesel for blending with diesel during financial year 2024-25.

3. On 22.07.2024, a Memorandum of Understanding (MoU) has been signed between the Indian Navy and IOCL, under which IOCL has undertaken to provide the Hydrogen Fuel Cell Bus to the Indian Navy, for running and trail purpose.

## V. Reducing Import Dependency

1. India imported 62.0 MMT of crude oil for US$ 37.5billion during Apr-June, 2024 as compared to an import of 60.2 MMT for $ 31.5 billionduring Apr-June, 2023. Import dependency in case of crude oil during Apr-June 2024improved from 88.8% to 88.3% as compared to the corresponding period of previousyear.

2. India imported 7.80 BCM for US$ 3.2 billion of LNG during April-June, 2024 as compared to LNG imports of 7.75 BCM for US$ 3.4 billion during April-June, 2023. Import dependency in case of Natural Gas during April-June, 2024 improved from 48.1% to 46.7% as compared to the corresponding period of previous year.

## VI. GeM Procurement

For FY 2024-25, Oil PSUs procured items worth Rs. 14,845.45 crore through GeM portal till 31st July 2024, as compared to Rs. 8,682.05 crore till 31st July 2023 in the previous year. 100% procurement is being done through GeM for items that are available on the portal either through catalogue / Custom / BoQ bidding.

## VII. International Cooperation

A. Minister of Petroleum and Natural Gas had telephonic discussions with Saudi Energy Minister His Royal Highness Prince Abdulaziz bin Salman bin Abdulaziz Al Saudon 5th July 2024. Both sides discussed ways to deepen energy and hydrocarbon trade between the two countries, including bilateral investments in oil and gassector.

B. Minister of Petroleum and Natural Gas, hostedMr. Murray Aunchincloss, Global CEO, British Petroleum along with his team on 15th July 2024.British Petroleum has presence across the entire energy value chain in India including upstream Exploration & Production, downstream Retail, LNG, Biofuels, Renewables and a world class global capability. Hon'ble Minister discussed ways to deepen our collaboration in all these streams and emerging trends in global energy markets.

C. Secretary MoPNG and Interim Director General (IDG), Global Biofuels Alliance (GBA), participated in the inaugural session of **World Biogas Summit, 2024** hosted by World Biogas Association at NEC Birmingham, UK from 10th to 11th July 2024. Secretary PNG as well as IDG GBA, delivered key-note address, where he underscored biogas potential for a sustainable and low-carbon future.

On the sidelines of the summit, Secretary MoPNG and IDG GBA participated in panel discussion *"Solving the Biogas Puzzle: Strategies and Success Stories to Scale Biogas,"* organized by Global Biofuels Association (GBA).

Also, during the visit, Secretary MoP&NG and IDG, GBA held bilateral meetings with the following industry leaders, policymakers, and experts from Biogas as well as Oil and Gas Industry:-

1. Mr. Thomas de Boer, CEO, Nature Energy and VP Renewable Natural Gas – Shell,
2. Mr. Felipe S Marques, Technology Development Director, CIBiogas (Brazilian biogas association)
3. Mr. Gustavo de Lima Ramos, Energy Transition, Transport and Sanitation, Brazilian Ministry of Science, Technology and Innovations (MSTI),
4. Ms. Denise Mulholland, Director, Global Methane Initiative (GMI),
5. Ms. Jo Tyndall, Director of the Environmental Directorate at the Organization for Economic Co-operation and Development (OECD)
6. Ms. Sinead Gorman, CFO, Shell
7. Mr. William Lin, EVP, gas & low carbon energy bp.

D. Secretary MoPNG held bilateral discussions virtually with H.E. Mohammed Abdulrahman Al-Ibrahim, Assistant Minister for Oil and Gas,Saudi Arabia on 18th July, 2024. Both sides deliberated on potential investment opportunities in the oil & gas sector and giving an impetus to elevating hydrocarbon trade partnership to a strategic level.

E. Secretary, MoP&NG participated in the first meeting of the India-Saudi Arabia High Level Task Force on Investments, co-chaired by the Principal Secretary to the Prime Minister, Dr. P.K. Mishra, and the Saudi Energy Minister, His Royal Highness Prince Abdulaziz bin Salman bin Abdulaziz Al Saudon 28th July, 2024, in virtual mode.Constructive discussions were held between the two sides on various opportunities for bilateral investments.

VIII. **Infrastructure Developmen**

A total of 5 Oil & Gas infrastructure projects valued at ₹234 Crore (latest approved cost) of IOCL, ONGC and HPCL have been completed during the month of July, 2024.